# ऊर्जा मंत्री की निगम अमले को दो टूक

**सीवर सफाई के साथ कचरा संग्रहण के माकूल प्रबंध करें**

**पाताली हनुमान से कांच मील और गौसपुरा क्षेत्र में सीवर, सफाई तथा बिजली व्यवस्था का किया निरीक्षण**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 22 अक्टूबर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को उप नगर ग्वालियर के पाताली हनुमान मंदिर से कांच मील रोड के विभिन्न मोहल्लों तथा वार्ड 11 गौस पुरा में सीवर, कचरा संग्रहण तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस सीवर चेम्बर चौक होने, तथा नियमित कचरा संग्रहण न होने की आम नागरिकों द्वारा की गई शिकायतों पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को दो टूक नसीहत देते हुए कहा कि सीवर लाइन चौक होने की शिकायतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। जहां से भी शिकायतें मिल रही हैं, वहां तुरन्त मशीनें लगाकर सीवर की सफाई कराई जाए। साथ हर गली-मोहल्ले में नियमित कचरा संग्रहण के प्रबंध किए जाएं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के भ्रमण के दौरान नगर निगम अपर आयुक्त , क्षेत्रीय अधिकारी, पीएचई अधिकारी तथा सीवर प्रभारी भी मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आम जन की तकलीफों को दूर करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यदि इस जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक से करने में कोई अधिकारी-कर्मचारी कोताही बरतता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही संधारित की जावेगी। फिर चाहें वह कितना ही बड़ा अधिकारी-कर्मचारी क्यों न हो। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने लोगों से आव्हान किया कि अपने गली-मोहल्ले में साफ-सफाई तथा स्वच्छ वातावरण स्थापित करने में वह भी नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग करें।

# झेलम एक्सप्रेस में पकड़ा फर्जी टीटीई,जीआरपी के सुपुर्द किया



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,22अक्टूबर।** रेल विभाग को बुधवार की दोपहर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ग्वालियर और कमर्शियल कंट्रोल से प्राप्त सूचना के आधार पर सीटीआई ग्वालियर एवं आरपीएफ स्टाफ द्वारा 11077 डाउन झेलम एक्सप्रेस के जनरल व दिव्यांग कोच में संयुक्त जांच की गई। जांच के दौरान एक व्यक्ति झांसी से ग्वालियर तक बिना टिकट यात्रा करते हुए खुद को स्वयं को टीटीई बताकर यात्रियों से अवैध रूप से पैसे वसूलता पाया गया। उसके पास से 1620 नकद बरामद हुए। उक्त व्यक्ति का वीडियो एक यात्री द्वारा रेलवे ट्विटर पर साझा किया गया था। आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर आवश्यक कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही में सीटीआई राजीव शर्मा, लोकेन्द्र कौशिक, विजय कुमार सिंह, मोहित विश्वास, अर्पित गोस्वामी, अमित परमार, नीरज कौशिक तथा आरपीएफ एएसआई अशोक सिंह भदौरिया, कांस्टेबल शीशराम गुर्जर व अजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 6 जुआरी पकड़े, 22 हजार जब्त

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,22अक्टूबर।** आशाराम बापू आश्रम के पास एक खण्डर मकान में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पकड़ लिया। आशाराम बापू आश्रम के पास एक खण्डर मकान में कुछ व्यक्ति रुपये पैसों से हार जीत का दाव लगा कर जुआ खेल रहे है,ऐसी सूचना मिलने पर सीएसपी विश्व विद्यालय हिना खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झांसीरोड निरीक्षक शक्ति सिंह यादव बताये स्थान आशाराम बापू आश्रम के पास एक खण्डर मकान के पास पहुंचकर दीवार की आड़ में छुपकर देखा तो छः व्यक्ति आमने-सामने बैठकर ताश पत्तों से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे।

उक्त लोगों को पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ा और नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम राजेन्द्र बघेल पुत्र गब्बर सिंह बघेल उम्र 45 साल ग्राम केदारपुर थाना झाँसीरोड़ जिला ग्वालियर दूसरे ने सियाराम बघेल पुत्र बहादुर सिह बघेल उम्र 50 साल निवासी कोठीगाँव केदारपुर थाना झाँसीरोड़ ग्वालियर तीसरे ने रामनिवास बघेल पुत्र रामबरन सिंह बघेल उम्र 35 साल निवासी केदारपुर थाना झाँसीरोड़ ग्वालियर चौथे ने माखन सिंह गुर्जर पुत्र देवी सिंह गुर्जर उम्र 32 साल निवासी ग्राम केदारपुर थाना झाँसीरोड़ ग्वालियर पाँचवे ने ब्रिजेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र सोवरन सिंह गुर्जर उम्र 45 साल निवासी ग्राम केदारपुर थाना झाँसीरोड़ ग्वालियर तथा छठवें ने अपना नाम दलवीर सिंह पुत्र कालीचरन बघेल उम्र 42 साल निवासी ग्राम केदारपुर का होना बताया।

# आईटीएम में इंफोसिस ने किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**यह हमारे लिए गर्व की बात : प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान**

**कुल 1271 छात्र-छात्राओं ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में लिया हिस्सा**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 22 अक्टूबर।** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में अंतरराष्ट्रीय कंपनी इंफोसिस लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्थान के तुरारी परिसर में आयोजित इस ड्राइव में 2025-2026 बैच के बीटैक, एमटैक और एमसीए के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस अवसर पर इंफोसिस लिमिटेड की ओर से सीनियर एसोसिएट लीड. मोहित सिंह और अन्य पैनलिस्ट सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के



प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर अर्पित सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर आदि मौजूद रहे।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने बताया कि संस्थान बदलते परिवेश में नई-नई टेक्नोलॉजी को अपनाते हुए अपने करीकुलम में निरंतर शामिल कर रही है। विशेषकर नई टेक्नोलॉजी और स्किल्स छात्र-छात्राओं में विकसित



करने के लिए यहां फर्स्ट ईयर से ही छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया जाता है। उन्हें अग्रणीय कंपनीज से भी बेहतर ट्रेनिंग और एक्सपोजर मिल सके। यही कारण है कि इस बार अंतरराष्ट्रीय कंपनी इंफोसिस लिमिटेड ने मध्यप्रदेश में कैंपस प्लेसमेंट की शुरूआत आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर से की है। यह हमारे लिए गर्व की बात है।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में इंफोसिस लिमिटेड द्वारा 2025-2026 बैच के बीटैक, एमटैक और एमसीए के छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जहां आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर, आईटीएम ग्वालियर सहित अन्य संस्थाओं के कुल 1271 छात्र-छात्राओं ने इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में रजिस्ट्रेशन कराकर हिस्सा लिया।

**6.25 लाख से लेकर 9.5 लाख के पैकेज के लिए किया जा रहा जॉब ऑफर:** कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान इंफोसिस लिमिटेड के सीनियर एसोसिएट लीड. मोहित सिंह द्वारा इंफोसिस कंपनी के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट के बारे में जानकारी दी कि किस तरह से छात्र-छात्राओं को टेस्ट लिया जाएगा और फिर उनका चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार 6.25 लाख से 9.5 लाख के पैकेज के लिए जॉब ऑफर किया किया जाएगा। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में इंफोसिस लिमिटेड ने कैंपस प्लेसमेंट के दौरान पहले चरण में प्री-प्लेसमेंट टॉक और ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1271 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही 23 अक्टूबर दिन गुरुवार को इंफोसिस लिमिटेड की ओर से आए आठ सदस्यों का पैनल फाइनल इंव्यूटर लेने के साथ ही शॉर्ट लिस्ट हुए छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर भी प्रदान करेंगे।

# अग्रवाल सम्मेलन में 650 युवक युवतियों का होगा परिचय

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,22अक्टूबर।** अग्रवाल परिचय सम्मेलन ने पूरे देश के अनेक छोटे बड़े शहरों में जाकर हजारों परिवारों को जोड़ने का का जो सपना देखा था वो अब साकार रुप लेने लगा है। अभी तक कोलकाता, सिलीगुड़ी, गुवाहाटी, जयपुर, मथुरा, आगरा, भोपाल, जम्मू, हरिद्वार, देहरादून सहित अनेकों शहरों में 129 आयोजन किये जा चुके हैं। सम्मेलन का 130वां आयोजन 25 अक्टूबर को बंधन वाटिका में किया गया है।

सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने बताया कि ग्वालियर में होने वाले युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए इंजिनियर श्रीकांत गोयल करेरा, अतुल अग्रवाल नोएडा, सार्थक सिंघल झांसी, आकाश अग्रवाल मथुरा, दिव्यांशु





अग्रवाल धौलपुर, अमन अग्रवाल हापुर, प्रमोद अग्रवाल जबलपुर, योगेश अग्रवाल सिरसा, मनोज तायल पलवल, निर्मल गर्ग टीचर सबलगढ़, रजत गर्ग मुरैना एवं गौरव अग्रवाल नारनौल, दीपेश अग्रवाल टीकमगढ़, सुरेश गर्ग नागपुर, आयुष अग्रवाल बुलंदशहर, आशुतोष गर्ग दिल्ली, कुणाल अग्रवाल उदयपुर और युवतियों में शिवानी अग्रवाल टीकमगढ़ रीना अग्रवाल जौरा, अभिलाषा अग्रवाल जयपुर, मेघा गोयल शिवपुरी, नंदिनी सिंघल जोधपुर के अग्रबंधुओं ने पंजीयन कराया है। परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बंधन वाटिका में किया गया है। कार्यक्रम में संस्था के मुकेश सिंघल, अनिल गर्ग, जगदीश बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, मोहित बंसल, संदीप मंगल, बालकृष्ण अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी सहयोग करेंगे।

# आपसी विवाद में महिला से मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,22अक्टूबर।** डबरा में आपसी विवाद में महिला से मारपीट कर दी गई। जानकी पति हीरालाल बाथम निवासी सिली के सिर में गंभीर चोट आई है। परिजन आनन फानन में घायल जानकी बाथम को लेकर डबरा के सिविल अस्पताल पहुंचे जहां घायल महिला का इलाज़ ज़ारी है। पुलिस विवाद के कारणों का पता लगा रही है। यह गिजौर्रा थाना क्षेत्र का मामला है।



# महिला मित्र को नौकरी से निकाला तो धमकी देकर 15 लाख मांगे,पकड़ा गया

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,22 अक्टूबर।** डॉक्टर की पत्नी को धमकी देकर 15 लाख रुपये मांगने वाले आरोपी को गोला का मंदिर पुलिस ने कटनी से गिरफ्तार कर लिया। सुनीता कौरव निवासी आदर्श कॉलोनी, गोला का मंदिर जिला ग्वालियर व उनके पति मनोज कौरव ने थाना गोला का मंदिर में रिपोर्ट कराई कि सुबह उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आया और कॉल करने वाले ने कहा कि आप सुनीता कौरव हैं, आपके पति डॉक्टर हैं और आपकी एक लड़की है, मुझे 11 लाख रुपये की सुपारी मिली है, तीनों को मारने के लिये, यदि आप 15 लाख रुपये नहीं देंगी तो आपके बुरे दिन शुरू हो जाएंगे। उसके बाद उक्त नंबर से व्हाट्सएप/मैसेज द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही हैं। पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण के अज्ञात आरोपी की जानकारी जुटाई तो तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि धमकी देकर 15 लाख रुपये की मांग करने वाले संदिग्ध व्यक्ति की उपस्थिति कटनी में पाई गई है। उक्त जानकारी के आधार पर थाना गोला का मन्दिर पुलिस टीम ने कटनी जाकर उक्त प्रकरण के संदिग्ध मनीष प्रधान पुत्र रविशंकर प्रधान उम्र 26 साल को धरदबोचा। पकड़े गये संदिग्ध ने पूछताछ में फरियादिया सुनीता कौरव को मोबाइल पर धमकी देना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी महिला मित्र डॉक्टर की पत्नी के पार्लर में काम करती थी। डॉक्टर की पत्नी ने उस महिला पर संदिग्ध कार्य करवाने का आरोप लगाकर नौकरी से निकाल दिया था। इसी बात पर गुस्सा होकर आरोपी ने डॉक्टर की पत्नी के माबाइल पर अपने व्हाट्सएप से एसएमएस किया कि मुझे 15 लाख रूपये नही दिये तो तुम्हे जान से मार दूंगा। धमकी के बाद आरोपी ने वह सिम तोड़कर फेंक दी थी।

## सब्जी के भाव पहुँचे आसमान पर, रामभाजे पर पड़ा असर

ग्वालियर। दीपावली पर सब्जी के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। आज अन्नकूट के लिए शहर के लोग जब सब्जी लेने बाजार में पहुंचे तो हरी सब्जियों की कीमतें सुनकर दंग रह गए। बाजारों में बिक रही मंहगी सब्जी का असर अन्नकूट पर भी पड़ा। हालाकि लोंगों ने त्यौहार तो मनाया लेकिन सब्ज़ी खरीदने आए लोंग को महंगी सब्जी का दर्द जरुर झलका।

### इस भाव बिकी सब्जी

आलू 30-35 प्रति किलों, टमाटर 30-40 रुपए प्रति किलो, हरी मटर 25-30 रुपए प्रति किलो, गोबी के दाम 30 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रही हैं। नया आलू और मटर आम लोगों की थाली से दूर होते नजर जा रहे है। दीपावली के बाद रामभाजे की सब्जी बनाने के लिए लगने वाली हरी सब्जियों के दाम भी बढ़ गए है। शिमला मिर्च, हरी सब्जियों के दाम भी बढ़े हुए हैं।

# श्री श्याम हवेली में 5 दिवसीय वार्षिक महोत्सव 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक





**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,22अक्टूबर।** खाटू श्याम जी का वार्षिक महोत्सव 29 अक्टूबर से शुरू होगा। यह आयोजन परम श्रद्धेय भक्त शिरोमणि श्याम लीन श्री किशन बाबा जी के आशीर्वाद से मनाया जा रहा है।

इस आयोजन की जानकारी देते हुये श्री श्याम मंडल श्याम हवेली रजि के अध्यक्ष एमके अग्रवाल एवं सचिव राजकुमार सर्राफ ने पत्रकारों को देते हुये बताया कि 29 अक्टूबर को 55 वां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव की विशाल शाही पालकी यात्रा का आयोजन बडे ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि विशाल शाही पालकी यात्रा जीवायएमसी क्लब अचलेश्वर मंदिर रोड से शुरू होकर इंदरगंज से दाल बाजार , लोहिया बाजार, ऊंट पुल, से दौलतगंज महाराज बाडा , सराफा बाजार होते हुये डीडवाना ओली, गश्त का ताजिया, से राम मंदिर पर आकर समाप्त होगा। इस आयोजन का विशेष आकर्षण पूरी रोड पर श्री श्याम प्रभु के लिये बिल्कुल नया लाल कार्पेट बिछाया जायेगा। इस तरह का कार्यक्रम ग्वालियर में पहली बार होगा। इसमें दो हंस वाहिनी रहेगी दो ऊंट रहेंगे डबल डेकर साउंड गाडी विशाल नंदी एवं उज्जैन के अघोरियों द्वारा तांडव नृत्य पूरे मार्ग पर होगा। इसमें जयपुर के 25 कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्य का रोड पर प्रदर्शन किया जायेगा। कर्यक्रम के संयोजक प्रमोद कुमार टिबडेवाल फरीदाबाद रहेंगे। इस आयोजन में श्री श्याम प्रभु की निशान यात्रा भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

30 अक्टूबर को शुक्रवार को श्याम हवेली पर सुंदर कांड पंडित अंकित शर्मा द्वारा किया जायेगा। यह आयोजन रात्रि आठ बजे से आयोजित किया जायेगा।

31 अक्टूबर शनिवार को श्याम हवेली पर भजनों का अखाडा श्री कुमार गौरव पारिख कोलकता एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा रात्रि 7 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा।

एक नवंबर को श्याम हवेली से दोपहर दो बजे से श्याम प्रभु की शोभा यात्रा श्री श्याम हवेली से हजीरा , बिरला नगर होते हुये वापस श्याम हवेली पर संपन्न होगी। एक नवंबर को विशाल जागरण इसमें राष्ट्रीय स्तर के आमंत्रित कलाकारों द्वारा इसमें रोहित शर्मा जिम्मी कोलकता, संजय खेमका दिल्ली ,विजय राजपूत दिल्ली श्रीमति राशी पाटनी फरीदाबाद एवं मनोज शर्मा ग्वालियर भजन प्रस्तुत करेंगे। विशाल जागरण में भजनों का सिलसिला देर रात तक जारी रहेगा।

दो नवंबर को श्री श्याम हवेली पर हवन प्रात: 9 बजे से एवं प्रसादी एक बजे से होगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में पूरे मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी लोगों को आमंत्रित किया गया है। पत्रकार वार्ता में संजय कटठल, सुनील कटठल, श्री श्याम मंडल रजि के उपाध्यक्ष आशीष वैश्य , उप सचिव संजीव सिंघल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# ख्वाजा खानून के उर्स में आयोजित हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

**ग्वालियर।** सूफी संतों की शिक्षाओं ने समाज में जाति पांति ऊंच नीच छोटा बड़ा गरीब अमीर के भेद को मिटाकर समरसता और आपसी प्रेम और सदभाव क़ायम करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। आवश्यकता है कि हम सूफी संतों के बताए मार्ग पर चलते हुए शोषित पीड़ित मानवता की सेवा करें। उक्त उदगार हजरत ख्वाजा खानून के 507 वें उर्स के चौथे दिन आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में अध्यक्षता कर रहे हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी ने व्यक्त किए। इस अवसर पर फ्रांस से पधारी ख्वाजा खानून साहब की मुरीद रिसर्च स्कॉलर प्रोफेसर नलिनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। सूफी संतों की शिक्षाओं का राष्ट्रीय एकता में योगदान विषय पर आयोजित सेमीनार में साकिब खानूनी, फारुख मुगल बेग, शरीफ कुरैशी, पत्रकार नईम कुरैशी, परमानन्द शर्मा, डॉ तसलीम अहमद खां, मौलाना नौशाद ने सूफीज्म पर अपने विचार रखे। प्रारम्भ में उर्स संयोजक राम बाबू कटारे ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत नायब सज्जादानशीन डॉ एजाज खानूनी, मुआज खानूनी, खुसरो खानूनी ने किया। ख्वाजा राशिद खानूनी ने सभी के लिए विशेष दुआ की। प्रबन्ध समिति की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान पुष्पहारों से एवं चादर, स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट कर किया। सेमीनार का संचालन राम बाबू कटारे ने किया।

## पदोन्नति सूची में एएनएम को भी रखा जाए : शर्मा

**ग्वालियर।** संयुक्त एएनएम एसोसिएशन (संविदा-नियमित) कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष विमलेश शर्मा ने बुधवार को मप्र सेवा पदोन्नति नियम 2005 के नियम पांच के अन्तर्गत बहुउद्देश्यीय संवर्ग (एएनएम) एवं महिला बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता को शिक्षा के आधार पर पदोन्नति सूची में शामिल करने के लिए संचालक संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा एवं संचालक अविज्ञप्त स्वास्थ्य सेवाएं मांगपत्र भेजा।

# रेल्वे मंडल ने बढ़ाई रेल सेवाएँ, यात्रियों को मिलेगी राहत

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,22अक्टूबर।** छठ महापर्व के दृष्टिगत यात्रियों की बढ़ती भीड़ और अतिरिक्त मांग को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे के मंडल द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। उद्देश्य है कि यात्रियों को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और सुचारु यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर मंडल से गुजरने वाली 53 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जो कि दिल्ली (ह. निजामुद्दीन), मुंबई, वाराणसी,



प्रयागराज, बलिया, अयोध्या, मुजफ्फरपुर, आसनसोल जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ती हैं। यात्रियों की सुविधा हेतु मांग और रूट की आवश्यकता के अनुसार इन ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त, झाँसी मंडल के अंतर्गत 7 विशेष ट्रेनें प्रारंभ की जा रही हैं, जिनमें से 6 ट्रेनें वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन से तथा 1 ट्रेन ग्वालियर स्टेशन से चलाई जा रही हैं।

22 अक्टूबर को झांसी मंडल से रवाना होने वाली विशेष ट्रेनों में यात्रियों ने भारी संख्या में यात्रा की: **ग्वालियर-बरौनी स्पेशल** (ट्रेन संख्या 04137) में ग्वालियर स्टेशन से लगभग 525 टिकट एवं वीरांगन लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से कुल 182 अनारक्षित क्लास में टिकट बुक किए गए। साथ ही आरक्षित श्रेणी में भी बड़ी संख्या में यात्रा के लिए रवाना हुए। वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पटना स्पेशल (04183) से गंतव्य की ओर रवाना हुई। **झाँसी-हड़पसर स्पेशल (01926)** के लिए रवाना किया गया। यात्रियों की सुविधा के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। यात्रियों को सहायता प्रदान करने हेतु रेलवे स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

बैंक ऑफ बड़ौदा, सिटी सेंटर शाखा, मां कैला निवास, जी 19-20 साइट नं. 01, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474011, मोबा. नं. 72477-16423
Email ID: vjccgw@bankofbaroda.co.in, Web: www.bankofbaroda.com

**कब्ज़ा नोटिस [नियम 8(1)] अचल संपत्ति के लिए**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनणनर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी हैं और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता को राशि चुकाने के लिए कहने पर डिमांड नोटिस जारी करता है नोटिस में उल्लेख किया गया है कि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर ऋण लेने वाले राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया गया है अधोहस्ताक्षरी ने शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है सुरक्षा हित (प्रवर्तन) के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदान किया गया नियम, 2002 के तहत विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को लेनदेन न करने की चेतावनी दी जाती है संपत्ति के साथ और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन बैंक ऑफ बड़ौदा के शुल्क के अधीन होगा एक राशि जैसा कि नीचे दिखाया गया है और उस पर ब्याज।

| ऋणी का नाम व पता | संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक राशि व कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| **ऋणी - श्री राहुल शिवहरे पुत्र श्री नारायण लाल शिवहरे 2. श्रीमती प्रीति शिवहरे पत्नी श्री राहुल शिवहरे** पता: निवास एवं कार्यालय-वार्ड नं. 3, गांधी मार्ग, कैलारस, मुरैना -476224 **जमानतदार - श्री जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री प्रेमबाबू शिवहरे** पता: निवास एवं कार्यालय-122, पायल इंटरप्राईजेज, श्री राधेश्याम ब्लड बैंक के पास, राजपायगा रोड़, नया बाजार, ग्वालियर-474001 | **संपत्ति स्वामी- श्री राहुल शिवहरे पति श्री प्रीति शिवहरे** - संपत्ति का वह पूरा हिस्सा आवासीय मकान, सर्वे क्रमांक 127 और 129 / मिन-2, वार्ड क्रमांक 53, गोमती की फाड़ी ग्राम, गुड़ा, ग्वालियर जिसका क्षेत्रफल 680 वर्गफुट यानि (63.19 वर्ग मीटर) पर स्थित है। **चतुर-सीमाएं: पूर्व**: आम सड़क 15 फीट, **पश्चिम**: रामश्री बाई का प्लॉट, **उत्तर**: सुमंत शिवहरे का प्लॉट, **दक्षिण**: प्रियंका का प्लॉट | मांग नोटिस दिनांक: 07-08-2025 ₹ 24,45,546.67/- +ब्याज एवं अन्य अतिरिक्त खर्चे कब्जा दिनांक: 16-10-2025 |
| **ऋणी - श्री जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री प्रेमबाबू शिवहरे श्रीमती कुसुम शिवहरे पत्नी श्री जीतेन्द्र कुमार** पता: निवास एवं कार्यालय-122, पायल इंटरप्राईजेज, श्री राधेश्याम ब्लड बैंक के पास, राजपायगा रोड़, नया बाजार, ग्वालियर-474001 | **संपत्ति स्वामी- श्री जितेंद्र कुमार-** संपत्ति का वह समस्त भाग आवासीय भवन, जो मकान संख्या नं. ए -167, नगरपालिका भवन संख्या 45/252 (पुराना), तत्पश्चात 48/333 तथा तत्पश्चात 48/303/1, हकीम साहब का बाड़ा, गाढ़वे की गोठ, लश्कर, ग्वालियर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1340 वर्ग फुट अर्थात 124.53 वर्ग फुट है। **चतुर-सीमाएं: पूर्व**: अग्रवाल जी का मकान, **पश्चिम**: कपिल रामत्रे एवं नरेश कुमार का मकान, **उत्तर**: गली नगर निगम, **दक्षिण**: असरफ कुरैशी का मकान | मांग नोटिस दिनांक: 13-08-2025 ₹ 24,39,899.40/- +ब्याज एवं अन्य अतिरिक्त खर्चे कब्जा दिनांक: 16-10-2025 |
| **ऋणी - श्री सुमंत शिवहरे पुत्र श्री नकटू राम शिवहरे श्रीमती भारती शिवहरे पत्नी श्री सुमंत शिवहरे** पता: निवास एवं कार्यालय-कोठी नं. 27 के पास, बायपास रोड़, लालमति वार्ड नं. 15, फतेहपुर शिवपुरी, मध्यप्रदेश-473551 **जमानतदार - श्री जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री प्रेमबाबू शिवहरे** पता: निवास एवं कार्यालय-122, पायल इंटरप्राईजेज, श्री राधेश्याम ब्लड बैंक के पास, राजपायगा रोड़, नया बाजार, ग्वालियर-474001 | **संपत्ति स्वामी- श्री सुमंत शिवहरे-** संपत्ति का वह समस्त भाग, आवासीय भवन सर्वे क्रमांक 127 एवं 129/मिन-2, वार्ड क्रमांक 53, गोमती की फड़ी ग्राम, गुड़ा, ग्वालियर क्षेत्रफल 770 वर्ग फुट अर्थात 71.56 वर्ग मीटर में स्थित है। **चतुर-सीमाएं: पूर्व**: कॉमन रोड, **पश्चिम**: विक्रेता का प्लॉट, **उत्तर**: मनोज डिबोलिया का प्लॉट, **दक्षिण**: रामश्री बाई का प्लॉट | मांग नोटिस दिनांक: 07-08-2025 ₹ 25,35,380.66/- +ब्याज एवं अन्य अतिरिक्त खर्चे कब्जा दिनांक: 16-10-2025 |

स्थान: ग्वालियर | दिनांक: 22.10.2025 | प्राधिकृत अधिकारी **बैंक ऑफ बड़ौदा**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95